ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, मंगलवार 02 दिसम्बर 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 214

संचार साथी ऐप के ये 5 फीचर्स समझ लें, मोबाइल पर एक क्लिक से पकड़े जाएंगे साइबर अपराधी



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्लीः Sanchar Saathi App: अगर आपका मोबाइल फोन चोरी हो जाता है, आपको कोई फ्रॉड कॉल करता है या व्हाट्सअप के जरिए डिजिटल अरेस्ट करने की कोशिश करता है या आपके नाम से कोई और फोन कनेक्शन लेकर बैठा है या फिर आपका फोन गुम हो गया है और आपको इसे ब्लॉक करना है... अब ये सारी समस्याएं आपके मोबाइल फोन में रहने वाले संचार साथी ऐप के जरिए सिर्फ एक क्लिक से हाल हो जाएंगी. संचार साथी ऐप के जरिए आप फ्रॉड करने वाले इंटरनेशनल कॉल तक को ट्रैक करवा सकते हैं. सरकार ने सभी मोबाइल बनाने वाली कंपनियों को निर्देश दिये हैं कि वो सभी नए मोबाइल हैंडसेट में संचार साथी ऐप इंस्टाल करे. 1- चक्षु के जरिए फ्रॉड कॉल की रिपोर्ट- संचार साथी ऐप का पहला विकल्प चक्षु है. इसके जरिए रियल टाइम में आप फ्रॉड करने वाले नंबर की रिपोर्ट कर सकते हैं. यहां तक डिजिटल अरेस्ट की स्थिति में आप वीडियो या फोटो डाउनलोड करके भेज सकते हैं. तुरंत ऐसे नंबर को ब्लॉक किया जाएगा और उस पर कार्रवाई होगी. 2- गायब हैंडसेट को करवा सकते हैं ब्लॉक - कई बार देखा गया है कि फोन चोरी हो जाता है और उसे दूसरे लोग इस्तेमाल करके क्राइम करते हैं. इस ऐप के जरिए आप अपने मोबाइल का IMEI नंबर देकर ब्लॉक करवा सकते हैं और रिपोर्ट कर सकते हैं. फोन मिल जाने पर अनलॉक भी कर सकते हैं. 3- अपने मोबाइल कनेक्शन की जानकारी-इस एप में अपने मोबाइल नंबर को डालने पर कनेक्शन किसके नाम पर है, ये आप जान सकते हैं. कई बार देखा गया है कि आपकी जानकारी के आधार पर कोई दूसरा कनेक्शन आपके नाम से ले रखा होता है और आपको उसकी जानकारी नहीं होती है. 4- अपने इस्तेमाल हो रहे मोबाइल फोन की जानकारी - कई बार लोग सेकेंड हैंड मोबाइल ख़रीदते हैं, जबकि उसका उसका इस्तेमाल पहले हो चुका होता है. ऐसे में मोबाइल हैंडसेट ये जानकारी देता है कि पहले किसके पास था कौन चला रहा था. 5- इंटरनेशनल कॉल की जानकारी -किसी दूसरे देश से साइबर क्राइम के लिए आजकल कई बार फोन आते हैं. आप इस कॉल की जानकारी तुरंत संचार साथी एप में कर सकते हैं और रियल टाइम में उसे ब्लॉक किया जा सकता है इस तरह की कई सुविधाएं ये संचार साथी एप दे सकता है अगर आपके फोन में ये एप नहीं है तो उसे आप डाउनलोड कर सकते हैं.

एपल ने भारत सरकार के 'संचार साथी' आदेश को मानने से किया इनकार

नई दिल्ली। अमेरिकी टेक कंपनी एपल ने भारत सरकार के उस आदेश को मानने से इनकार कर दिया है, जिसमें हर नए फोन में 'संचार साथी' एप इंस्टॉल करने का निर्देश दिया गया था। मंगलवार (2 दिसंबर) को पीटीआई ने इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने यह एप यूजर्स के सिम कार्ड्स को ट्रैक करने और साइबर फ्रॉड रोकने के लिए डिजाइन किया है। लेकिन एपल का कहना है कि यह प्राइवेसी का उल्लंघन है। कंपनी ने कहा, "आदेश पर सरकार के साथ बातचीत जारी रहेगी और बीच का रास्ता निकाला जाएगा। मौजूदा स्वरूप में आदेश लागू करना संभव नहीं है।"

सरकार का तर्कः फ्रॉड रोकने का नया टूल

भारत सरकार का कहना है कि संचार साथी एप चोरी या गुम फोन ट्रैक करने, ब्लॉक करने और उनके गलत इस्तेमाल को रोकने में मदद करेगा। अब तक एप की मदद से 7 लाख से ज्यादा चोरी या गुम हुए मोबाइल वापस मिल चुके हैं। आदेश के अनुसार, एपल, सैमसंग, वीवो, ओप्पो और शाओमी जैसी कंपनियों को 90 दिन का समय दिया गया है। यूजर्स इस एप को डिसेबल नहीं कर पाएंगे और पुराने फोन पर यह सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए इंस्टॉल होगा। रॉयटर्स के अनुसार, एपल के प्रवक्ता ने बताया, "हम यूजर प्राइवेसी को सर्वोपरि रखते हैं। सरकार के इस डायरेक्टिव से iOS डिवाइस पर डेटा शेयर करना पड़ेगा, जो हमारी पॉलिसी के खिलाफ है।" एपल का तर्क है कि पोर्टल और एप के जरिए यूजर्स का पर्सनल डेटा जैसे IMEI नंबर और कॉल हिस्ट्री लीक होने का खतरा है। कंपनी सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट में आदेश को चुनौती देने की योजना बना रही है। एपल इंडिया के हेड ने स्टाफ को निर्देश दिया है कि कोई भी डेटा शेयर न करें।

रेपो-रेट घटी तो FD पर ब्याज भी घट सकता हैः समझें इनमें क्या कनेक्शन, देखें अभी बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट पर कितना ब्याज दे रहे



24 न्यूज अपडेट

3 से 5 दिसंबर से होने वाली RBI मीटिंग में रेपो रेट में कटौती का फैसला आ सकता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार RBI ब्याज दर में 0.25% से 0.50% तक की कटौती कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो बैंक आने वाले दिनों में फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) की ब्याज दरों में कटौती कर सकते हैं।

ऐसे में अगर इन दिनों बैंक में FD कराने का प्लान बना रहे हैं तो इसमें देरी न करें। क्योंकि अगर बैंक ब्याज दरों कटौती कर देते हैं तो आपको FD पर कम ब्याज मिलेगा।

स्टोरी में आगे बढ़ने से पहले ये जानते हैं कि रेपो रेट क्या है और इसका FD रेट्स से क्या कनेक्शन हैं

रेपो रेट वो ब्याज दर है जिस पर RBI (हमारा सेंट्रल बैंक) बैंकों को पैसा उधार देता है।


RBI रेपो रेट कम करता है, तो क्या होता है?

बैंकों को RBI से सस्ते में पैसा मिलने लगता है। मान लीजिए पहले 5.5% देना पड़ता था, अब मान लो 5% देना पड़ रहा है।

अब बैंक के पास पैसा सस्ते में आ गया। ऐसे में वे जनता से FD पर ज्यादा ब्याज देकर पैसा लेना कम करना चाहते हैं।

रेपो कम होने से बैंक FD की ब्याज दरें कम कर देते हैं। पहले FD पर 6.5% मिल रहा था, अब 6% हो सकता है।

SC बोला- केरल में SIR डेडलाइन बढ़ाने पर सोचे EC: राज्य में 9 और 11 दिसंबर को स्थानीय निकाय चुनाव, 13 को रिजल्ट; कर्मचारी व्यस्त रहेंगे



24 न्यूज अपडेट

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केरल में SIR की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की याचिका पर सुनवाई की। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कहा...

राज्य में चल रहे SIR के तहत एनयूमरेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर है। चुनाव आयोग इसे एक हफ्ता बढ़ाने पर विचार करे। क्योंकि राज्य में 9 और 11 दिसंबर को स्थानीय निकाय चुनाव हैं, वोटों की गिनती 13 दिसंबर को होगी। 1.76 लाख सरकारी कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में लगे हैं, जिनके लिए 11 दिसंबर तक फॉर्म जमा करना मुश्किल हो सकता है।

कोर्ट ने केरल सरकार और याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे 3 दिसंबर की शाम 5 बजे तक चुनाव आयोग से औपचारिक अनुरोध करें। कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा है कि वह इन अनुरोध पर 'सहानुभूतिपूर्वक और व्यक्तिगत तरीके से विचार करे और दो दिनों में निर्णय ले।

कोर्ट रूम लाइव... चुनाव आयोगः SIR और स्थानीय चुनाव दोनों अलग प्रक्रियाएं हैं। SIR कर्मचारियों को स्थानीय चुनाव ड्यूटी से छूट दी जा चुकी है। फॉर्म जमा करने की डेडलाइन पहले ही 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर की जा चुकी है।

CJI सूर्यकांतः सरकार को कर्मचारियों पर ज्यादा बोझ नहीं डालना चाहिए। यदि तारीख 13 दिसंबर के बाद बढ़ेगी तो चुनाव में व्यस्त कर्मचारी भी SIR प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

26 नवंबरः सुप्रीम कोर्ट ने पिटिशन पर EC से जवाब मांगा

इससे पहले, 26 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और दूसरे राज्यों में SIR एक्सरसाइज को चुनौती देने वाली पॉलिटिकल लीडर्स, एक्टिविस्ट्स और NGO की तरफ से दायर कई पिटीशन पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा था।

चेन्नई मेट्रो तकनीकी खराबी के चलते टनल में फंसीः कोच में 10 मिनट अंधेरा रहा; यात्री 500 मीटर पैदल चलकर बाहर निकले



24 न्यूज अपडेट


चेन्नई में मंगलवार सुबह ब्लू लाइन की एक मेट्रो ट्रेन अचानक तकनीकी खराबी के चलते दो स्टेशन के बीच में ही रुक गई। यह घटना सेंट्रल मेट्रो और हाईकोर्ट स्टेशन के बीच हुई। यात्रियों ने बताया कि ट्रेन में अचानक बिजली चली गई और वे कोच में अंधेरे में फंस गए।

यात्री 10 मिनट तक ट्रेन में रहे। इसके बाद अफसरों ने उनसे पैदल चलकर नजदीक के हाईकोर्ट स्टेशन तक जाने को कहा, यह दूरी लगभग 500 मीटर है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग रेलिंग पकड़कर सुरंग में पैदल चलते दिखाई दिए।

सेवाएं अब पूरी तरह सामान्य

चेन्नई मेट्रो रेल ने बताया कि ब्लू लाइन (विम्को नगर डिपो से एयरपोर्ट तक) में यह रुकावट पावर आउटेज या तकनीकी गड़बड़ी के कारण हो सकती है। हालांकि, कुछ देर बाद सेवाएं सामान्य कर दी गईं। मेट्रो प्रशासन ने X पर लिखा- ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन पर ट्रेन सेवाएं अब सामान्य रूप से चल रही हैं। असुविधा के लिए खेद है।

सेंसेक्स 503 अंक गिरकर 85,138 पर बंदः निफ्टी 143 अंक लुढ़का; मीडिया, बैंकिंग और रियल्टी शेयर्स में बिकवाली



24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन आज यानी मंगलवार 2 दिसंबर को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 503 अंक गिरकर 85,138 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 143 अंक की गिरावट रही, ये 26,032 पर बंद हुआ है।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में गिरावट रही। एशियन पेंट्स, मारूति के शेयर 3% तक चढ़कर बंद हुए। HDFC बैंक, ICICI बैंक और इंडिगो में 2% तक गिरावट रही।

NSE के फार्मा इंडेक्स में खरीदारी देखने को मिली, वहीं मीडिया, बैंकिंग और रियल्टी शेयर्स में बिकवाली रही।

हत्यारे ने बताया- बिजनेस पार्टनर के मेरी पत्नी से हो गए अवैध सबंध, कुचलकर कर दी हत्या



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा। 29 नवंबर को महेंद्र सिंह पंवार (44) की हत्या उनके ही दोस्त रामेश्वर (40) ने ट्रैक्टर से कुचलकर कर दी थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने हत्या के पीछे की वजह अपने बिजनेस पार्टनर महेंद्र और अपनी पत्नी के बीच अवैध संबंध बताया।

हत्यारोपी का दावाः रामेश्वर ने पुलिस को बताया, "महेंद्र मेरा बिजनेस पार्टनर था और हम पिछले 6-7 साल से अच्छे दोस्त थे। अचानक मेरी पत्नी से उसके अवैध संबंध बन गए। मैंने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन उसने धमकी दी कि वह मेरी पत्नी को बदनाम करेगा और मेरे इकलौते बेटे को भी नुकसान पहुंचाएगा। इसी कारण मैंने उसकी हत्या की योजना बनाई और उसे मार डाला।" पुलिस ने बताया कि रामेश्वर लक्ष्मीपुर थाना, बनेड़ा का निवासी है। उसे सोमवार को गिरफ्तार किया गया और मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।


दोस्ती और व्यापार का छलः हत्या की योजना

पुलिस के अनुसार, रामेश्वर और महेंद्र पिछले 7-8 सालों से डेयरी व्यवसाय में पार्टनर थे। इसी दौरान महेंद्र का रामेश्वर की पत्नी (36) से अवैध संबंध बन गए। आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी हर रविवार को महेंद्र के प्रियदर्शनी नगर स्थित मकान में मिलती थी। महेंद्र स्वयं भी शादीशुदा था, लेकिन परिवार से अलग रहता था। अपने घर को दोस्त की पत्नी को छुपाकर लाने-ले जाने की जगह के रूप में इस्तेमाल करता था। तीन महीने पहले यह बात रामेश्वर को पता चली। उसने महेंद्र से दूरी बनाए रखने के लिए कहा, लेकिन महेंद्र ने धमकियां दी और उसके इकलौते बेटे (7) को मारने की चेतावनी दी।

29 नवंबर की सुबह हुई हत्या

महेंद्र का रवैया न बदलने पर रामेश्वर ने हत्या की योजना बनाई। वह जानता था कि महेंद्र रोज सुबह वॉक पर निकलता है। 28 नवंबर की रात करीब 2 बजे, सब सोने के बाद, रामेश्वर ट्रैक्टर लेकर हलेड रोड पर पहुंचा और महेंद्र का इंतजार करने लगा। 29 नवंबर को सुबह करीब 4 बजे महेंद्र वॉक पर निकला। रामेश्वर ने ट्रैक्टर से टक्कर मार दी। महेंद्र बचने के लिए खेतों की ओर भागा, लेकिन कुछ ही देर में ट्रैक्टर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी गई। वारदात के बाद रामेश्वर अपने ट्रैक्टर के साथ फरार हो गया और रोजमर्रा के काम में लग गया, ताकि खुद को बेगुनाह साबित कर सके। सदर थाना प्रभारी कैलाश कुमार ने बताया कि 29 नवंबर को प्रियदर्शनी नगर हलेड रोड के पास खाली प्लॉट के किनारे महेंद्र की लाश मिली। शव से 100 मीटर दूर महेंद्र की स्कूटी भी पाई गई। शुरुआत में परिजनों ने हत्या के पीछे पैसे के लेन-देन की आशंका जताई थी। बाद में एफएसएल टीम की जांच में वाहन की टक्कर से हत्या का खुलासा हुआ। मौके पर ट्रैक्टर के टायरों के निशान भी मिले। परिजनों ने शव मिलने के बाद मॉर्च्युरी के बाहर प्रदर्शन किया था। इस मामले में पुलिस ने एक टीम का गठन किया और महेंद्र के बैकग्राउंड के आधार पर कई पहलुओं की जांच की। परिवार और दोस्तों सहित 20 से अधिक लोगों से पूछताछ की गई। इसके बाद, शक के दायरे में आए महेंद्र के दोस्त रामेश्वर को हिरासत में लिया गया और हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

सोना 1,207 गिरकर 1.28 लाख प्रति 10 ग्राम हुआः चांदी 530 सस्ती होकर 1.75 लाख किलो हुई, कैरेट के हिसाब से देखें गोल्ड की कीमत



24 न्यूज अपडेट

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 2 दिसंबर को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,207 रुपए सस्ता होकर 1,27,593 रुपए पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोना 1,28,800 रुपए का था।

वहीं, चांदी का दाम 530 रुपए गिरकर 1,74,650 रुपए हो गया है। इससे पहले चांदी की कीमत 1,75,180 रुपए प्रति किलोग्राम थी। 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और 14 अक्टूबर को चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

संपादकीय : वृद्धि की दर

देश की अर्थव्यवस्था को लेकर आने वाली सकारात्मक खबरें निश्चित तौर पर एक राहत का संदेश होती हैं। खासतौर पर जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुस्तरीय उथल-पुथल के बीच देश कई विपरीत स्थितियों का सामना कर रहा हो, आर्थिक विकास दर में सामान्य से अधिक बढ़ोतरी के आंकड़े बताते हैं कि अगर समाधानमूलक उपायों को लागू करने को लेकर संजीदगी बरती जाए, तो रास्ते निकाले जा सकते हैं। ताजा सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, देश के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की वृद्धि दर जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में 8.2 फीसद बढ़ी, जो पिछली छह तिमाहियों का उच्चतम स्तर है। यह वृद्धि करीब सात फीसद के अनुमान अधिक है। दरअसल, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, कारखाना उत्पादन में तेजी और सेवा क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन के बेहतर नतीजे सामने आए। सही है कि इस समय कृषि क्षेत्र सुस्ती के दौर से गुजर रहा है, लेकिन कारखाना उत्पादन और सेवा क्षेत्र में तेज प्रगति देखी गई, जिसने कृषि क्षेत्र में आई शिथिलता को बेअसर कर दिया। जाहिर है, जीडीपी वृद्धि दर के ताजा सरकारी आंकड़े को आर्थिक मोर्चे पर एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है, लेकिन अगर इसका असर जमीनी स्तर पर भी स्पष्ट दिखे और जनता को उसका लाभ सीधे महसूस हो, तभी इसका कोई अर्थ है निश्चित तौर पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई शुल्क नीति के दायरे में भारत भी है और इससे इसके निर्यात क्षेत्र पर खासा प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग जगहों पर युद्धों और अन्य अनिश्चितताओं के कारण भी बहुत सारे देशों की अर्थव्यवस्थाएं लगातार बचाव या जद्दोजहद की स्थिति से गुजर रही हैं। ऐसे में अगर भारत ने वृद्धि दर के मोर्चे पर अनुमान से अधिक हासिल किया है, तो यह अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत है। मगर सवाल यह है कि जिस महंगाई दर के आंकड़े के आधार भी वृद्धि दर के आंकड़े में शामिल माने जाते हैं, क्या उसमें वास्तव में इतनी कमी आई है ? महंगाई दर के कम होने को लेकर सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के बरक्स यह छिपा नहीं है कि रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की कीमतों के मामले में आम लोगों के सामने किस तरह की चुनौतियां खड़ी है। यह बेवजह नहीं है कि सरकार के ताजा आंकड़ों पर कुछ सवाल उठ रहे हैं और कहा जा रहा है कि जब तक निजी निवेश और सकल स्थिर पूंजी निर्माण में वास्तविक उछाल नहीं आता, तब तक ऐसे आंकड़े टिकाऊ नहीं हो सकते। दूसरी ओर, सरकार की ओर से जीडीपी वृद्धि दर को लेकर ये आकलन ऐसे समय जारी किए गए, जब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आइएमएफ ने अपनी एक रपट में भारत की अर्थव्यवस्था के वार्षिक मूल्यांकन में यहां के राष्ट्रीय खातों के आंकड़ों में गंभीर खामियां बताते हुए इन्हें 'सी' श्रेणी में रखने की बात कही है। आंकड़ों की गुणवत्ता के लिहाज से इसे दूसरा सबसे निचला स्तर माना जाता है। आइएमएफ की रपट चिंता का कारण इसलिए भी है कि इसकी रपटों के आधार पर कई बार उपलब्धियों को सकारात्मक बताया जाता है, तो इसकी ओर से भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में ताजा आकलन को किस संदर्भ में देखा जाएगा। जो हो, जीडीपी वृद्धि दर को लेकर एनएसओ के आंकड़े अगर अर्थव्यवस्था के वास्तविक धरातल पर सही हैं, तो यह देश के लिए राहत की बात है।

विलुप्ति के बीच

भारत में कई जीव-जंतुओं की प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई हैं। इस बीच पूर्वोत्तर में हाल ही में उभयचर जीवों की तेरह नई प्रजातियों के अस्तित्व की खोज वास्तव में राहत भरी है। मानव समाज विविध एवं गहन पारिस्थितिकी तंत्र पर निर्भर है और जब जीवों की प्रजातियां कम या खत्म होने लगती हैं, तो इस तंत्र की कड़ियां भी टूटने लगती हैं। वर्तमान में भले ही इसका प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से नजर न आए, लेकिन भविष्य में इसका नतीजा निश्चित रूप से भयावह रूप में सामने आएगा। जिन उभयचरों की नई प्रजातियां मिली हैं, उनमें से छह अरुणाचल प्रदेश, तीन मेघालय और एक-एक असम, मिजोरम, नगालैंड तथा मणिपुर में पाई गई हैं। जाहिर है कि ये प्रजातियां कभी अच्छी-खासी तादाद में रही होंगी, लेकिन पर्यावरण में बदलाव, जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियों से उपजी स्थितियों के कारण इनकी संख्या इतनी कम हो गई कि ये वर्षों तक इंसानी नजर से भी ओझल रहीं। दरअसल, पशु-पक्षियों और अन्य जीवों की कई प्रजातियों का विलुप्त होना पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के विनाश का सूचक है और इस मसले को हर स्तर पर गंभीरता से लेने की जरूरत है। देश की जैव विविधता का नियमित तौर पर दस्तावेजीकरण होना चाहिए, ताकि विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी प्रजातियों को पहचान कर उनके संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किए जा सकें। इस संकट की गहराई का आकलन संयुक्त राष्ट्र के अंतर-सरकारी विज्ञान-नीति मंच की एक रपट से किया जा सकता है, जिसमें कहा गया है कि दुनिया भर में कशेरुकी यानी रीढ़ वाले जीवों की 680 प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं और करीब दस लाख प्रजातियों पर इसी तरह का खतरा मंडरा रहा है। भारत में गौरैया चिड़िया भी इसी संकट से गुजर रही है। अलग-अलग रपटों के मुताबिक, चालीस वर्षों में देश में गौरैया की तादाद साठ-पैंसठ फीसद तक कम हो गई है। कुछ वर्ष पहले तक गौरैया के संरक्षण के लिए कई स्तरों पर विशेष मुहिम शुरू हुई थी, लेकिन वक्त के साथ ये प्रयास दम तोड़ते नजर आ रहे हैं।

वकील से मारपीट पर बिफरे अधिवक्ता, DSP की गाड़ी रोककर हेड कांस्टेबल को लाइन हाजिर करवाया, बोले- व्यवहार नहीं सुधारा तो पुलिस को कोर्ट में नहीं घुसने देंगे



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। नाई थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले वकील से हुई मारपीट का मामला मंगलवार को उदयपुर कोर्ट परिसर में जोरदार विरोध में बदल गया। गुस्साए वकीलों ने मौके पर पहुंच रहे डीएसपी गोपाल चंदेल की सरकारी गाड़ी को रोककर जबर्दस्त नारेबाजी की और आरोपी हैड कांस्टेबल पवन यादव के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। करीब एक घंटे तक वकील डीएसपी की गाड़ी के आगे खड़े रहे और किसी भी सूरत में रास्ता नहीं छोड़ने का ऐलान कर दिया। स्थिति तनावपूर्ण होती देख डीएसपी चंदेल ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी एसपी योगेश गहलोत को दी। दबाव बढ़ता देख नाई थाने के हैड कांस्टेबल पवन यादव को लाइन हाजिर करने का आदेश जारी किया गया। डीएसपी ने यह आदेश अपने मोबाइल फोन पर वकीलों को दिखाया, जिसके बाद माहौल धीरे-धीरे शांत हुआ और वे कोर्ट परिसर से निकल सके। पीड़ित वकील का आरोप — अपराधी की तरह पीटा एडवोकेट धर्मेंद्र धाबाई, निवासी हवाला, ने बताया कि 29 नवंबर की रात उनके भाई के रेस्टोरेंट पर कुछ असामाजिक तत्वों ने हंगामा किया। वे मौके पर पहुंचे तो उन पर पत्थरबाजी शुरू कर दी गई। जान बचाकर वे थाने पहुंचे तो ड्यूटी पर मौजूद हैड कांस्टेबल ने उनसे बदसलूकी करते हुए थप्पड़ मार दिया और उल्टा उन्हें ही अपराधी बताकर फटकार लगाई। धाबाई ने कहा कि उन्होंने भी रिपोर्ट दी, लेकिन पुलिस ने किसी तरह की कार्रवाई नहीं की, जिससे वे आहत हैं।

वरिष्ठ वकीलों का चेतावनी भरा बयान

वरिष्ठ अधिवक्ता चेतनपुरी गोस्वामी ने कहा कि हाईकोर्ट पहले ही पुलिस को जनता से व्यवहार सुधारने की हिदायत दे चुका है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति नहीं बदल रही। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर वकीलों के साथ ऐसी घटनाएं जारी रहीं तो कोर्ट परिसर में किसी भी पुलिसकर्मी को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।


नाथद्वारा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: पिकअप से 109 कार्टन विस्फोटक जब्त



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद। नाथद्वारा क्षेत्र में श्रीनाथजी थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान अवैध रूप से ले जाए जा रहे भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री को जब्त कर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने एक पिकअप वाहन से 109 कार्टन विस्फोटक सामग्री, जिनमें जिलेटिन स्टिक समेत विभिन्न प्रकार की ब्लास्टिंग सामग्री शामिल थी, कब्जे में ली है। थाना पुलिस के अनुसार पिकअप आमेट क्षेत्र से ईसवाल स्थित अंबिका क्रेशर की ओर जा रहा था। जांच में सामने आया कि वाहन में रखी गई विस्फोटक सामग्री के लिए आवश्यक परमिट उपलब्ध नहीं था। नियमों के तहत इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री एक साथ ले जाना प्रतिबंधित है और इसके लिए विशेष अनुमति अनिवार्य होती है। पुलिस ने बिना अनुमति विस्फोटक ढोने पर पिकअप चालक और खलासी को हिरासत में ले लिया है। वाहन और सभी 109 कार्टन विस्फोटक सामग्री को जब्त कर लिया गया है। श्रीनाथजी थाना पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि विस्फोटक सामग्री किस उद्देश्य से भेजी जा रही थी तथा इसके पीछे कौन से लोग शामिल हैं। इस कार्रवाई को जिले में अवैध खनन और अवैध विस्फोटक परिवहन के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई बड़ी सफलता माना जा रहा है।


डबोक में एटीएम तोड़ने का प्रयास नाकाम, सीसीटीवी में कैद नकाबपोश बदमाश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। डबोक थाना क्षेत्र स्थित सांगवा मार्ग पर बीती रात अज्ञात नकाबपोश बदमाश ने हिताशी कंपनी के एटीएम को तोड़कर कैश निकालने का प्रयास किया, लेकिन मजबूत लॉक सिस्टम और सुरक्षा संरचना के कारण वह अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सका। एटीएम पर उस समय कोई सुरक्षा गार्ड मौजूद नहीं था। घटना सीसीटीवी में कैद रात करीब 15 से 20 मिनट तक बदमाश लोहे के सरिए से मशीन तोड़ने की कोशिश करता दिखा। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि वह बार-बार सरिया मारकर एटीएम को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास करता रहा, लेकिन मशीन पूरी तरह टूट नहीं पाई। मजबूरन उसे बिना कैश लिए ही लौटना पड़ा। सुबह पैसे निकालने पहुंचे व्यक्ति ने देखा नुकसान सुबह एक स्थानीय व्यक्ति जब पैसे निकालने एटीएम पहुंचा तो मशीन टूटी हुई देखकर हैरान रह गया। उसने तुरंत आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। पुलिस जांच में जुटी सूचना मिलते ही डबोक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एटीएम की स्थिति की जांच की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, फुटेज में दिख रहे संदिग्ध की पहचान कर उसे जल्द पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के बाद एटीएम संचालित करने वाली कंपनी को भी सुरक्षा व्यवस्थाओं को और कड़ा करने के निर्देश दिए गए हैं।

बांसवाड़ा में सेंटपॉल स्कूल की 40 वैन-ऑटो जब्त



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। बांसवाड़ा में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए मंगलवार को सेंट पॉल स्कूल के बाहर विशेष अभियान चलाया। लंबे समय से मिल रही शिकायतों और यातायात नियमों के उल्लंघन को देखते हुए राजतालाब थाना पुलिस ने करीब 40 वैन और ऑटो को जब्त किया। इन वाहनों में ओवरलोडिंग, फिटनेस प्रमाण-पत्र की कमी, परमिट संबंधी अनियमितताएँ और सुरक्षा मानकों की अनदेखी जैसे गंभीर दोष पाए गए। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में डीटीओ और ट्रैफिक पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

जांच के दौरान बच्चों की क्षमता से अधिक संख्या में वाहनों में बैठाना, बिना वैध दस्तावेज संचालन और सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने जैसी लापरवाहियाँ उजागर हुईं। सभी वाहनों को पुलिस लाइन में खड़ा कर नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सेंट पॉल स्कूल के प्रिंसिपल विलियम कटारा ने स्पष्ट किया कि स्कूल का इन वाहनों से कोई एग्रीमेंट नहीं है और परिजन स्वयं परिवहन की व्यवस्था करते हैं। उन्होंने बताया कि अभिभावकों और ड्राइवरों को पहले ही दस्तावेज सही रखने और नियमों का पालन करने के लिए सूचित किया गया था। पुलिस का यह कदम साफ संकेत देता है कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी लापरवाही अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

सुखलाल साहू राजस्थान कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश सचिव नियुक्त



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 2 दिसम्बर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद ने राजस्थान प्रदेश ओबीसी विभाग में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बदलाव करते हुए सुखलाल साहू को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति प्रदेश ओबीसी विभाग के अध्यक्ष हरसहाय यादव की अनुशंसा पर की गई है। साहू लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे वर्तमान में फेडरेशन ऑफ स्वीट्स एंड नमकीन मैन्युफैक्चरर्स राजस्थान के संयोजक, साहू समाज के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव, और चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, उदयपुर डिवीजन के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। इसके पूर्व वे जिला कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता, सचिव और संगठन सचिव सहित कई महत्वपूर्ण दायित्व संभाल चुके हैं। संगठन में उनकी नियुक्ति को ओबीसी वर्ग के सशक्तीकरण की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने साहू को बधाई देते हुए उन्हें संगठन को नई ऊर्जा देने वाला अनुभवी चेहरा बताया है।

गृह रक्षा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हेलमेट जागरूकता रैली, शहरवासियों को दिया सुरक्षित ड्राइविंग का संदेश



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 02 दिसम्बर। आगामी 6 दिसम्बर को मनाए जाने वाले गृह रक्षा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में उदयपुर होमगार्ड विभाग की ओर से विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को हेलमेट जागरूकता रैली निकाली गई। समादेष्टा कमांडेंट प्रणय जसोरिया के निर्देशन एवं कमांडर के मार्गदर्शन में आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या में होमगार्ड जवानों ने भाग लिया। इस अवसर पर मंगला राम के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली गई, जिसमें मोटरसाइकिल सवार होमगार्ड के जवानों ने हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली और लोगों को सड़क सुरक्षा, जीवन सुरक्षा और यातायात अनुशासन का पालन कराने हेतु प्रेरित किया गया। रैली में प्लाटून कमांडर मंगलाराम, सुरेन्द्र सिंह, कानि. नरेंद्र सिंह, लक्ष्मी, बाल्या सोदा, फूलशंकर, महेश, कृष्णपाल सिंह, मोहित सहित कई अन्य होमगार्ड सदस्य मौजूद रहे। प्लाटून कमांडर मंगलाराम ने बताया कि होमगार्ड देश की एक महत्वपूर्ण सुरक्षा शाखा है, जो पुलिस प्रशासन, आपदा प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, चुनाव ड्यूटी, वीआईपी सुरक्षा से लेकर आपात स्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कोविड-19 महामारी से लेकर प्राकृतिक आपदाओं तक, होमगार्ड सदैव राष्ट्र और नागरिकों की सेवा में अग्रणी रहे हैं। इस अवसर पर कमांडेंट प्रणय जसोरिया ने कहा कि होमगार्ड सिर्फ एक वर्दी नहीं, बल्कि सेवा और अनुशासन की पहचान है। हमारा उद्देश्य समाज में सुरक्षा के साथ जागरूकता का प्रसार करना है।

मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी 2026 को



24 न्यूज अपडेट

16 दिसम्बर को प्रारूप प्रकाशन, 15 जनवरी तक आपत्ति दर्ज करवा सकेंगे

उदयपुर, 2 दिसम्बर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य में अर्हता दिनांक 01.01.2026 के संदर्भ में मतदाता सूचियों का संशोधित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान ने समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों (कलक्टर) को इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की मुख्य तिथियां- परिगणना अवधि 11.12.2025 (गुरुवार) तक, मतदान केन्द्रों का पुनर्गठन या सुव्यवस्थिकरण 11.12.2025 (गुरुवार) तक, कन्ट्रोल टेबल का अपडेशन एवं प्रारूप निर्वाचक नामावली की तैयारी 12.12.2025 (शुक्रवार) से 15.12.2025 (सोमवार) तक, निर्वाचक नामावलियों का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 16.12.2025 (मंगलवार) को, दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 16.12.2025 (मंगलवार) से 15.01.2026 (गुरुवार) तक, दावों और आपत्तियों का निस्तारण 16.12.2025 (मंगलवार) से 07.02.2026 (शनिवार) तक, निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 14.02.2026 (शनिवार) को किया जाएगा।

जितेन्द्र सुहालका को पीएचडी उपाधि



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा जितेन्द्र सुहालका को "विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन पर सोशल नेटवर्किंग साइटों का प्रभावः राजस्थान के जनजातीय उपयोजना (टीएसपी) क्षेत्र का एक सर्वेक्षण" विषय पर किए गए उत्कृष्ट शोधकार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। यह शोध पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पी. एस. राजपूत के निर्देशन में संपन्न हुआ। अध्ययन में व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के उपयोग की आवृत्ति, विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन पर पड़ने वाले सकारात्मक व नकारात्मक प्रभाव, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता तथा डिजिटल परिवेश में व्यवहारगत परिवर्तन पर महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आए हैं। डॉ जितेन्द्र सुहालका पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विषय में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा यूजीसी-नेट जेआरएफ उत्तीर्ण है एवं वर्तमान में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में प्रोफेशनल असिस्टेंट के पद पर कार्यरत हैं।

राजस्थान में 'राजभवन' अब 'लोकभवन': राज्यपाल ने जारी की अधिसूचना, 1 दिसंबर से लागू



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 2 दिसंबर – राजस्थान सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए राजभवन का नाम बदलकर 'लोकभवन' कर दिया है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, नया नाम 1 दिसंबर से प्रभावी हो गया है। अब राज्यपाल के आधिकारिक आवास व कार्यालय को लोकभवन के नाम से जाना जाएगा।

औपनिवेशिक नाम से आगे बढ़ते हुए 'लोक' को प्राथमिकता

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि यह बदलाव औपनिवेशिक मानसिकता से निकलकर लोकतांत्रिक भारतीय संस्कृति को सम्मान देने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा—"भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हमारे संविधान की उद्देशिका 'हम भारत के लोग' से शुरू होती है। लोकतंत्र में 'लोक' सर्वोपरि है, इसलिए राज्यपाल का कार्यस्थल अब 'लोकभवन' कहलाएगा। यह केवल नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि जनता की भावनाओं और लोक आकांक्षाओं का प्रतीक है।"

देश का नौवां राज्य बना राजस्थान राजस्थान से पहले देश के आठ राज्यों में राजभवन का नाम 'लोकभवन' किया जा चुका है। केंद्र शासित प्रदेशों में अभी 'राजनिवास' नाम प्रचलित है, लेकिन वहां भी इसे 'लोकनिवास' करने की तैयारी शुरू हो चुकी है। नाम परिवर्तन के साथ ही राजभवन से संबंधित सभी सरकारी दस्तावेजों, लेटरहेड, स्टेशनरी और रिकॉर्ड को लोकभवन नाम से अपडेट करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राजभवन परिसर में स्थित साइन बोर्ड और नेम प्लेट भी बदले जा रहे हैं। सोशल मीडिया हैंडल्स में भी बदलाव राजभवन से जुड़े सभी आधिकारिक सोशल मीडिया ग्रुप और हैंडल्स का नाम भी अब लोकभवन कर दिया गया है। शेष डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी नाम बदलने की प्रक्रिया जारी है।

एजीटीएफ की बड़ी कार्रवाई : 45 लाख का डोडा पोस्त जब्त, भीलवाड़ा पुलिस ने दबोचे दो तस्कर भाई



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 02 दिसंबर। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स राजस्थान की सटीक आसूचना पर भीलवाड़ा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने एक ट्रक कंटेनर की गहन जाँच के बाद ग्रेनाइट की बिल्टी की आड़ में तस्करी किया जा रहा 45.75 लाख रुपए मूल्य का 304 किलो 700 ग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया है। मौके से बीकानेर के दो तस्कर भाइयों पूरणा राम लेघा (40) और देवेंद्र उर्फ देवा (21) पुत्र भंवर लाल निवासी सोमलसर को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया।


अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स श्री दिनेश एमएन के सख्त निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ शर्मा के प्रभावी सुपरविजन में यह सफल ऑपरेशन पूरा किया गया। कांस्टेबल विजय सिंह एवं कांस्टेबल गोपाल धाबाई से मिली महत्वपूर्ण गोपनीय जानकारी के आधार पर इंस्पेक्टर राम सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। इस टीम ने आसूचना संकलन और मुखबिर तंत्र की मदद से सूचना को पुख्ता किया और तत्काल थाना पुलिस को सूचित किया।

इस पुष्ट सूचना के आधार पर गुलाबपुरा थाना पुलिस ने त्वरित नाकाबंदी की। नाकाबंदी तोड़कर भागे संदिग्ध ट्रक को पीछा कर चौकी 29 मील चौराहा पुलिया पर रुकवा लिया। ट्रक की विधिवत तलाशी लेने पर उसमें छिपाए गए 15 कट्टों में भरा यह भारी मात्रा में 304 किलो 700 ग्राम अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कठोर मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों पूरणा राम लेघा (40) और देवेंद्र उर्फ देवा (21) को सलाखों के पीछे पहुँचा दिया गया है।

प्रारंभिक पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। दोनों आरोपी आंध्र प्रदेश के मातूर जिले से ग्रेनाइट भरकर पंजाब की ओर जा रहे थे। उन्होंने बीच रास्ते मध्य प्रदेश के जावर क्षेत्र से यह डोडा पोस्त लोड किया, जिसकी मंज़िल बीकानेर जिला का गांव अर्जुनसर थी। वहाँ उन्हें देवाराम उर्फ भानू नाम के व्यक्ति को यह खेप सौंपनी थी, जो अपनी कार या कैंपर गाड़ी लेकर उनका इंतजार करता। दोनों तस्करों ने पूर्व में तीन से चार बार मादक पदार्थों की तस्करी करने की बात स्वीकार की है।

एएसपी श्री सिद्धार्थ शर्मा एवं इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के कुशल नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में कांस्टेबल विजय सिंह व गोपाल धाबाई की विशेष भूमिका और हेड कांस्टेबल महावीर सिंह व जितेंद्र की तकनीकी कुशलता सराहनीय रही। वहीं टीम में शामिल एसआई प्रताप सिंह, बनवारी लाल शर्मा, हेड कांस्टेबल महेश सोमरा, हेमंत शर्मा, कांस्टेबल देवेंद्र सिंह, गंगाराम व चालक दिनेश शर्मा का भी उत्कृष्ट सहयोग रहा। वर्तमान में पुलिस टीम दोनों शातिर आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने में जुटी है, ताकि उनके पूरे अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क का समूल पर्दाफाश किया जा सके।

थाने में वकील से अभद्रता पर सख्त हाईकोर्ट: SHO और कॉन्स्टेबल सस्पेंड, वकीलों ने निकाली विजय रैली


कार्यालय पुलिस आयुक्त, जोधपुर

क्रमांक:-च-13(1)पु.आ.जोध./अशा/वि.जां./निल./2025/4839-43 दिनांक:-02.12.2025

आदेश

श्री नरेन्द्रसिंह, कां0 391, पुलिस थाना कुड़ी भगतासनी, पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर के विरूद्ध विभागीय जाँच प्रस्तावित होने से राजस्थान असैनिक सेवाऐं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 13 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री नरेन्द्रसिंह, कां0 391 को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाता है।

इस निलम्बन अवधि में निर्वाह भत्ता राजस्थान सेवा नियमों के नियम 53 के प्रावधानानुसार देय होगा तथा निलम्बन काल में मुख्यालय रिजर्व पुलिस लाईन, पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर में रहेगा।

ओ.बी.नं0 2504

(ओम प्रकाश)
पुलिस आयुक्त,
जोधपुर

प्रतिलिपि:-
1. श्रीमान महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर।
2. श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, सतर्कता, राजस्थान, जयपुर।
3. पुलिस उपायुक्त, जिला पश्चिम, पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर।
4. पुलिस उपायुक्त, जिला परिषम, पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर को श्री नरेन्द्रसिंह, कां0 391, थाना कुड़ी भगतासनी, पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर के निलम्बन आदेश की दो प्रतियां भिजवाई जा रही हैं। आदेश की एक प्रति सम्बन्धित को सुपुर्द कर दूसरी प्रति पर उसके प्राप्ति हस्ताक्षर मय दिनांक प्राप्त कर वाद तामील इस कार्यालय को भिजवाएं।
5. संचित निरीक्षक पुलिस, रिजर्व पुलिस लाईन, पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर।
6. प्रभारी चल शाखा/ लेखा शाखा/ आदेश पंजिका/ व्यक्तिगत पत्रावली/ सेवा पुस्तिका लिपिक/ प्रभारी कम्प्यूटर शाखा।

पुलिस आयुक्त,
जोधपुर

24 न्यूज अपडेट

जोधपुर। कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में ड्यूटी पर तैनात SHO हमीर सिंह और रीडर कॉन्स्टेबल नरेंद्र सिंह को वकील से दुर्व्यवहार के मामले में निलंबित कर दिया गया। आदेश की कॉपी मिलते ही मंगलवार को वकीलों ने थाने के बाहर विजय रैली निकाली और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। घटना से पहले राजस्थान हाईकोर्ट ने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए सुबह पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश, डीसीपी वेस्ट विनीत बंसल और थानाधिकारी हमीर सिंह को तलब किया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा को थाने में वकील से धक्का-मुक्की व कोट फाड़ने का वीडियो अदालत में दिखाया गया।

हाईकोर्ट की फटकार— 'पुलिस को सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग जरूरी' वीडियो देखने के बाद हाईकोर्ट ने पुलिस कमिश्नर को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि पुलिस बल को व्यवहारिक प्रशिक्षण (Soft Skill Training) दिया जाना चाहिए। अदालत ने टिप्पणी की कि वर्दी में हो या बिना वर्दी—जनता और अधिवक्ता से पुलिस का आचरण गरिमापूर्ण होना चाहिए। पुलिस कमिश्नर ने कोर्ट को बताया कि मामले की जांच आईपीएस रैंक के अधिकारी से करवाई जा रही है। अदालत ने एक सप्ताह में विस्तृत जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

क्या था मामला?

वकील भरतसिंह राठौड़ थाने में बयान की कार्रवाई के दौरान पहुंचे थे, जहां उन्होंने बिना वर्दी के बैठे पुलिसकर्मी से आपत्ति जताई। इस पर SHO हमीर सिंह भड़क गया और वकील से कहा—"वकील है तो क्या हुआ, अभी 151 में बंद कर दूंगा।" आरोप है कि इस दौरान वकील के साथ धक्का-मुक्की हुई और उनका कोट फाड़ दिया गया। वकील दंपती (भरतसिंह और पूजा कंवर) के विरोध करने पर भी पुलिस का रवैया आक्रामक रहा। इसके बाद बड़ी संख्या में वकील देर रात थाने के बाहर धरने पर बैठ गए थे।

वकीलों में खुशी, बोला-न्याय की जीत

निलंबन आदेश आने के बाद राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन अध्यक्ष रतनाराम ने वकीलों को आदेश की कॉपी दिखाई। इसके बाद वकीलों ने नारेबाजी करते हुए थाने से विजय रैली निकाली। वकील नवनीत सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं से बदसलूकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

SHO के निलंबन के बाद कुछ पुलिसकर्मियों ने व्हाट्सऐप स्टेटस पर लिखा— "हमारी हमीर, हमारा जमीर सही है... कर्तव्य पथ पर जो भी मिला—यह भी सही, वो भी सही।"

वायुसेना में क्लर्क की नौकरी का झांसा देकर 5 लाख की ठगी, फर्जी जॉइनिंग लेटर भी दिया; आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। भारतीय वायु सेना में क्लर्क के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। वायुसेना में नौकरी लगवाने की एवज में एक युवक से 5 लाख रुपए लिए गए और नियुक्ति का फर्जी जॉइनिंग लेटर भी थमा दिया। प्रार्थी को पहले कर्नाटक, फिर जैसलमेर में जॉइनिंग करने के लिए कहा गया। हालांकि जैसलमेर पहुंचने पर जब जॉइनिंग नहीं मिली तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। गुढ़ागौड़जी थानाधिकारी सुरेश कुमार रोलन ने बताया— थाना क्षेत्र निवासी नरेन्द्र कुमार ने 25 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद आरोपी आशीष कुमार (23) पुत्र सांवरमल, निवासी भोड़की को आज उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपी ने खुद को वायुसेना का कर्मचारी बताया

थानाधिकारी ने बताया कि दर्ज रिपोर्ट के अनुसार— वर्ष 2023 में प्रार्थी नरेन्द्र कुमार की मुलाकात श्रद्धानाथ कॉलेज गुढ़ागौड़जी में पढ़ते समय आरोपी आशीष कुमार से हुई थी। आशीष ने खुद को भारतीय वायुसेना का कर्मचारी बताते हुए कई लोगों को नौकरी दिलाने का दावा किया। इससे नरेन्द्र कुमार उसके झांसे में आ गया और वायुसेना में नौकरी के लिए 5 लाख रुपए 8 मार्च 2023 से 14 अक्टूबर 2023 के बीच फोन-पे से आशीष के खाते में ट्रांसफर कर दिए।


जॉइनिंग करने पहुंचा तो खुला राज

प्रार्थी नरेन्द्र कुमार 27 अक्टूबर 2023 को बेलगांव, कर्नाटक में बताए गए एयरफोर्स स्टेशन पर पहुंचा। वहां पहुंचने पर आरोपी आशीष कुमार ने फोन पर बताया कि बेलगांव की जगह अब उसे जैसलमेर जाना होगा, जहाँ उसे नियुक्ति मिलेगी। प्रार्थी जैसलमेर पहुंचा और आरोपी से मिला। आरोपी 7–8 दिनों तक नियुक्ति का आश्वासन देता रहा और इसी दौरान उसने प्रार्थी से सभी ऑरिजनल दस्तावेज भी ले लिए। जब प्रार्थी ने दस्तावेज वापस मांगे तो आरोपी ने मना कर दिया और मौका पाकर वहां से गायब हो गया। 7–8 दिन परेशान होने के बाद प्रार्थी बिना किसी नियुक्ति के घर लौट आया। करीब 2 साल तक प्रार्थी आरोपी से पैसे मांगता रहा, लेकिन आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा। आखिरकार प्रार्थी की रिपोर्ट पर 25 अप्रैल 2025 को थाना गुढ़ागौड़जी में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

प्रवेश पत्र और जॉइनिंग लेटर भी सौंपा

आरोपी ने सबकुछ असली दिखाने के लिए नकली दस्तावेज भी तैयार किए। इसके तहत 15.03.2023 के लिखित टेस्ट का प्रवेश पत्र भी दिखाया। हालांकि इसके बाद कोई टेस्ट नहीं दिलवाया और पीड़ित से कहा कि उसकी ऊपर तक जान-पहचान है, वह उसे सीधा जॉइनिंग लेटर दिलवाएगा। 29.04.2023 को टाइपिंग टेस्ट में सफलता की ईमेल सूचना भेजी। साथ ही बताया कि जॉइनिंग लेटर जारी कर दिया गया है। जॉइनिंग लेटर 28.10.2023 की तारीख में दिखाया गया। आरोपी आशीष ने यह लेटर सितम्बर 2023 में प्रार्थी के घर जाकर सौंपा और उसे आश्वस्त किया कि जल्द ही उसकी जॉइनिंग होने वाली है। हालांकि इसके बाद आरोपी फरार हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरएएस 2024 : इंटरव्यू में फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट पर RPSC सख्त, गलत दस्तावेज दिए तो होंगे डिबार



24 न्यूज अपडेट

अजमेर : राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आरएएस भर्ती परीक्षा-2024 की साक्षात्कार प्रक्रिया में भी फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्रों के उपयोग को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है. इसके अंतर्गत आयोग आरएएस भर्ती-2023 की तरह ही आरएएस भर्ती -2024 के साक्षात्कार में शामिल होने वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों की दिव्यांगता प्रतिशत और प्रकार की पुष्टि के लिए दोबारा मेडिकल बोर्ड के माध्यम से नई मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार सघन जांच करवा रहा है. जांच दौरान विशेष रूप से लो विजन और हार्ड हियरिंग के मामलों में कई प्रकार की विसंगतियां भी प्रकट हो रही हैं.

सक्रिय यूडीआईडी कार्ड अनिवार्य : आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने जानकारी दी कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से 24 नवंबर 2025 को जारी सर्कुलर के अनुसार, लाभ वितरण से पहले सक्रिय यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड और विकलांगता प्रमाण-पत्रों का सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है. यह कदम प्रमाण-पत्रों के दुरुपयोग से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है. इसके साथ ही कार्मिक विभाग के परिपत्र 28 अगस्त 2025 के क्रम में आयोग अपेक्षित सतर्कता बरतते हुए दिव्यांगता प्रतिशत और प्रकार की मेडिकल बोर्ड के माध्यम से जांच करवाकर पुष्टि कर रहा है. इसके तहत वे अभ्यर्थी जिनके पास यूडीआइडी प्रारंभ होने से पूर्व के प्रमाण-पत्र हैं, उनका भी दोबारा सत्यापन के बाद पोर्टल के माध्यम से जारी प्रमाण-पत्र लिया जा रहा है.

मेहता ने बताया कि यह सख्ती इसलिए बरती जा रही है ताकि दिव्यांगजन के लिए आरक्षण का प्रावधान उनकी वास्तविक स्थिति और चुनौतियों को देखते हुए किया जा सके. यदि कोई व्यक्ति गलत प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर नियुक्ति प्राप्त करता है तो यह न केवल वास्तविक दिव्यांगजन के अधिकारों का हनन होगा बल्कि एक आपराधिक कृत्य भी है.

सिर्जन सिंह देओल ने तैराकी में ब्रॉन्ज मेडल, अनिरुद्ध साहू की चेस टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर 9वाँ स्थान हासिल किया



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सेंट एंथोनीज़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उदयपुर। सेंट एंथोनीज़ स्कूल ने एक बार फिर खेलों में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। स्कूल के प्रतिभाशाली तैराक सिर्जन सिंह देओल ने SGFI राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता, दिल्ली में 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में 2 मिनट 27.99 सेकंड का शानदार समय लेकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। प्राचार्य विलियम डिसूज़ा ने सिर्जन की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। विद्यालय परिवार ने सिर्जन की मेहनत, अनुशासन और खेल भावना को उनकी सफलता का मूल कारण बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सिर्जन ने पहले भी जिला और राज्य स्तर पर कई मेडल जीतकर अपनी राष्ट्रीय स्तर की योग्यता साबित की थी। उनके बेहतरीन समय और तकनीक ने चयनकर्ताओं को पहले ही प्रभावित किया। आगामी प्रतियोगिताओं में 100 मीटर इवेंट में भी वह अपनी चुनौती पेश करेंगे।


चेस में भी दिखा दमखम

त्रिपुरा में आयोजित SGFI नेशनल चेस चैम्पियनशिप में सेंट एंथोनीज़ स्कूल के अनिरुद्ध साहू की टीम ने बेहतरीन खेल प्रदर्शन करते हुए 9वाँ स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में देशभर के शीर्ष खिलाड़ी शामिल थे और मुकाबले अत्यंत कड़े रहे। अंतिम राउंड में जीत मिलने पर टीम टॉप-4 में पहुंच सकती थी, लेकिन कड़ी प्रतिस्पर्धा में मामूली हार के कारण टीम को 9वें स्थान से संतोष करना पड़ा। अनिरुद्ध साहू और उनकी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में रणनीति और आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए कई बड़े स्कोर उलटफेर किए। दिशा मोड ने भी चेसबोर्ड पर उत्कृष्ट खेल भावना और रणनीति का प्रदर्शन किया, जिससे टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर 16वाँ स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार ने इन दोनों प्रतिभाओं पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और आत्मविश्वास आने वाले समय में और भी बड़े राष्ट्रीय मुकाम हासिल करेंगे।

दिखाई प्रतिभा

सिर्जन सिंह देओलः 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, ब्रॉन्ज मेडल, 2:27.99 सेकंड
अनिरुद्ध साहू की चेस टीमः SGFI नेशनल, 9वाँ स्थान
दिशा मोडः चेस टीम के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन, 16वाँ स्थान


शिल्पग्राम उत्सव 2025 हेतु स्टॉलों की खुली नीलामी निलामी कल से



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर द्वारा आयोजित शिल्पग्राम उत्सव - 2025 हेतु शिल्पग्राम परिसर में खाने के व्यंजन/फूड स्टॉल, आईस्क्रीम आदि स्टॉलों की खुली बोली द्वारा निलामी शिल्पग्राम परिसर में की जावेगी। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर केन्द्र निदेशक फुरकान खान ने बताया कि खाने के व्यंजन/फूड स्टॉल की खुली निलामी दिनांक 3 दिसम्बर 2025 को, आईस्क्रीम, ज्यूस स्टॉल व गन्ने का रस, गुड, बैल चालित चरखिया तथा शिल्पग्राम चौपाल ढाबा दि. 4 दिसम्बर 2025 को तथा खुरजा पोट्री, कारपेट, सहारनपुर लकड़ी फर्निचर की खुली निलामी 5 दिसंबर 2025 को शिल्पग्राम परिसर में प्रातः 11 बजे से आयोजित होगी। इसके अलावा पारंपरिक भोजन हेतु उचित दरों वाली 5 स्टॉलों के लिए तथा शिल्पग्राम उत्सव के दौरान ऊंट सवारी हेतु प्रार्थना पत्र 8 दिसंबर 2025 तक बंद लिफाफे में कार्यालय भिजवा सकते है।

देवास परियोजना तृतीय–चतुर्थ चरण को स्टेज–1 स्वीकृति, उदयपुर को मिला भविष्य का जल–सुरक्षा कवच



24 न्यूज अपडेट

पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया की लगातार पैरवी लाई रंग

उदयपुर। झीलों के शहर उदयपुर को दीर्घकालिक पेयजल सुरक्षा प्रदान करने वाली बहुप्रतीक्षित देवास परियोजना—तृतीय एवं चतुर्थ चरण को केंद्र सरकार से महत्वपूर्ण स्टेज–1 वन स्वीकृति मिल गई है। यह स्वीकृति न केवल तकनीकी प्रगति का चरण है, बल्कि उदयपुर के जल–भविष्य के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि भी मानी जा रही है। इस स्वीकृति के पीछे पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाबचंद कटारिया की लगातार सक्रियता, व्यक्तिगत रुचि और केंद्र सरकार के शीर्ष स्तर पर की गई उनकी सशक्त पैरवी को निर्णायक माना जा रहा है। कटारिया ने उदयपुर की जल-संबंधी चुनौतियों को प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर की प्राथमिकता बनाते हुए इस परियोजना की निगरानी, फॉलो-अप और केंद्र स्तर पर संवाद की स्वयं अगुवाई की।

कटारिया की पहल से तेज हुई वन स्वीकृति प्रक्रिया

वर्षों से लंबित वन स्वीकृति की प्रक्रिया को गति देने के लिए राज्यपाल कटारिया ने केंद्रीय मंत्रियों, मंत्रालय स्तर के सचिवों तथा संबंधित विभागों से लगातार मुलाकात कर विषय को प्राथमिकता दिलाई। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से अपेक्षाकृत कम समय में स्टेज–1 स्वीकृति मिल जाना इसी उच्च स्तरीय हस्तक्षेप का प्रत्यक्ष परिणाम माना जा रहा है।

दो बड़े बांध, दो लंबी सुरंगें—

उदयपुर की जल–जीवन रेखा तैयार

जल संसाधन विभाग, उदयपुर के अधीक्षण अभियंता मनोज जैन के अनुसार—देवास–तृतीय परियोजना

स्थान : नाथियाथल गांव, गोगुन्दा तहसील, बांध क्षमता : 703 एमसीएफटी, जल परिवहन : 10.50 किमी लंबी सुरंग, देवास–II (आकोड़दा बांध) के माध्यम से

फिर वर्तमान प्रणाली से पिछोला झील तक पहुंच

देवास–चतुर्थ परियोजना, स्थान : अम्बा गांव के समीप, बांध क्षमता : 390 एमसीएफटी

जल परिवहन : 4.15 किमी सुरंग जिसे देवास–तृतीय से जोड़ा जाएगा। इन दोनों चरणों के पूरा होने पर किरलसातुरा से लेकर पिछोला झील तक पानी भेजने की वर्तमान प्रणाली कई गुना अधिक सक्षम हो जाएगी। उदयपुर का जल–भविष्य होगा सुरक्षित

परियोजनाओं के पूर्ण होने पर— उदयपुर शहर को आने वाले कई दशकों तक निर्बाध पेयजल उपलब्ध होगा। पिछोला, फतहसागर, स्वरूपसागर जैसी झीलों का जलस्तर स्थायी रूप से सुरक्षित रहेगा। झीलों पर आधारित पर्यटन उद्योग को स्थिरता मिलेगी। वर्षा–आधारित निर्भरता कम होगी, जिससे पर्यावरणीय संतुलन मजबूत होगा। शहर की भविष्य की आबादी को भी पर्याप्त जल–सुरक्षा मिल सकेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना उदयपुर के लिए पेयजल आपूर्ति की रीढ़ सिद्ध होगी। झीलें हमारी धरोहर, समाधान स्थायी होना चाहिए —कटारिया

स्टेज–1 स्वीकृति मिलने पर राज्यपाल श्री गुलाबचंद कटारिया ने कहा— "उदयपुर की झीलें केवल जल–स्रोत नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर हैं। देवास–तृतीय और चतुर्थ चरण से शहर के पेयजल संकट का स्थायी समाधान होगा और झीलों का गौरव भी सुरक्षित रहेगा।" उन्होंने केंद्र सरकार, पर्यावरण मंत्रालय और संबंधित अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परियोजना के आगामी चरणों को भी प्राथमिकता से आगे बढ़ाने का प्रयास जारी रहेगा।

रघुवीर सिंह मीणा ने संभाला उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष का पद



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के "संगठन सृजन अभियान" के तहत उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर नियुक्त रघुवीर सिंह मीणा ने आज विधिवत पदभार ग्रहण किया। सूरजपोल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में शुभ मुहूर्त 11.15 बजे आयोजित पूजन कार्यक्रम के बाद निवर्तमान अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने उन्हें पदभार सौंपा। उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. संजीव राजपुरोहित ने बताया कि पदभार ग्रहण के बाद आर.एम.वी. सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मीणा का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

यह पद मुझे नहीं, हम सभी को दिया गया है-मीणा

नवनियुक्त अध्यक्ष रघुवीर सिंह मीणा ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने जिस भरोसे के साथ यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसका स्पष्ट संदेश है कि सभी कांग्रेसजनों को एकजुट होकर संगठन को मजबूत करना है।

अपने राजनीतिक सफ़र का उल्लेख करते हुए मीणा ने कहा— "सरपंच से लेकर विधायक, मंत्री, युवा कांग्रेस अध्यक्ष, पीसीसी उपाध्यक्ष, सांसद और सीडब्ल्यूसी सदस्य तक—कांग्रेस ने हमेशा मुझे नई जिम्मेदारियाँ दी हैं। अब जिला अध्यक्ष बनाकर नेतृत्व ने यह साबित किया है कि कांग्रेस में कोई छोटा-बड़ा नहीं होता। असली पहचान जिम्मेदारी निभाने की निष्ठा से बनती है।" उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे देहात क्षेत्र में संगठन को नई ऊर्जा देंगे और आगामी पंचायत व निकाय चुनावों में कांग्रेस को मजबूती से खड़ा करेंगे।

"एकजुटता ही कांग्रेस की सबसे बड़ी शक्ति" - कचरू लाल चौधरी

निवर्तमान अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी ने कहा कि सर्वसम्मति से मीणा को अध्यक्ष बनाए जाने से संगठनात्मक एकता को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा— "कांग्रेस को एकजुट रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। हम सब नए अध्यक्ष के नेतृत्व में मिलकर संगठन को मजबूत करें।" चौधरी ने अपने कार्यकाल के दौरान सहयोग के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार भी व्यक्त किया।

वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में हुआ भव्य समारोह

समारोह में बड़ी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख उपस्थितियों में—रघुवीर सिंह मीणा (जिला अध्यक्ष), कचरू लाल चौधरी (पूर्व अध्यक्ष), परमानंद मेहता, फतह सिंह राठौड़, ख्याली लाल सुहालका, लाल सिंह झाला, हीरा लाल दरांगी, राज सिंह झाला, डॉ. मांगी लाल गरासिया, डॉ. शंकर यादव, जगदीश राज श्रीमाली, प्रकाश चौधरी, प्रीति शक्तावत, बसंती देवी मीणा, सज्जन कटारा, त्रिलोक पूर्बिया, नीलिमा सुखाड़िया, पंकज शर्मा, दिनेश श्रीमाली, हनुमंत सिंह बोहडा, केवलचंद लबाना, लक्ष्मीनारायण पंड्या, विवेक कटारा, सुनील भजात, गजेंद्र कोठारी, डॉ. संजीव राजपुरोहित, डॉ. कौशल नागदा, मोहब्बत सिंह राणावत, भगवती डांगी, जीतेश खटीक, राधा देवी परमार, पुष्पा मीणा, कमला परमार, केसर देवी मीणा, शंभू लाल खराड़ी, नरेंद्र जैन, धुली राम मीणा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित रहे। ब्लॉक अध्यक्षों, नगरपालिकाध्यक्षों, पीसीसी सदस्यों, एनएसयूआई और महिला कांग्रेस प्रतिनिधियों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन संगठन महासचिव गजेंद्र कोठारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन पूर्व उप जिला प्रमुख लक्ष्मीनारायण पंड्या ने अर्पित किया।

तेरापंथ की उद्गम स्थली केलवा पधारे तेरापंथ के सरताज आचार्य महाश्रमण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 2 दिसम्बर। तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण अपनी धवल वाहिनी के साथ श्रद्धा, भक्ति, त्याग, शौर्य, और बलिदान की वीर वसुंधरा मेवाड़ में अहिंसा यात्रा के माध्यम से नशामुक्ति, नैतिकता और सद्भावना का संदेश देते हुए विभिन्न क्षेत्रों का विचरण करते हुए धर्म प्रभावना कर रहे है।

श्री मेवाड़ जैन श्वेताम्बर तेरापंथी कांफ्रेंस के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने बताया कि आचार्य महाश्रमण 2 दिसम्बर को प्रातः भिक्षु निलयम राजनगर से विहार किया। कुछ समय के लिए बोरज गांव में पधारे, वहां उपस्थित श्रावक समाज को मंगल उद्बोधन दिया। वहां से पुनः विहार कर केलवा पधारे जो कि तेरापंथ की जन्मस्थली भी है। आचार्य महाश्रमण 3 दिसंबर को पड़ासली पधारेंगे। फत्तावत ने बताया कि मेवाड़ के क्षेत्र केलवा तेरापंथ की जन्म स्थली है, जहां तेरापंथ के प्रथम आचार्य भिक्षु ने तेरापंथ धर्मसंघ की स्थापना की। उसी जन्मस्थली केलवा में आज तेरापंथ के एकादश्म आचार्य महाश्रमण का पधारना हुआ। आगामी 5 दिसम्बर को दिवेर में आचार्य महाश्रमण की मेवाड़ यात्रा का समापन होगा जहां मंगल भावना समारोह आयोजित किया जाएगा। मेवाड़ के विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने मार्ग में अलग अलग स्थानों पर आचार्य महाश्रमण के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मेवाड़ यात्रा के दौरान विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों और हस्तियों का आचार्य महाश्रमण के दर्शन हेतु आने का क्रम बना हुआ है। आज केलवा में आयोजित धर्मसभा में कुंभलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़ उपस्थित थे।

आचार्य महाश्रमण ने विहार के बाद उपस्थित श्रावक श्राविकाओं और जन समुदाय को अमृत देशना देते हुए फरमाया कि आगम में कहा गया है कि धर्म ही उत्कृष्ट मंगल होता है। बाकी सभी मंगल धर्म की तुलना में छोटे है। प्रश्न यह आता है कि कौनसा धर्म उत्कृष्ट है। अहिंसा धर्म को उत्कृष्ट मंगल धर्म बताया गया है। अहिंसा, संयम और तप की साधना जो भी करता है उसका मंगल होता है। अहिंसा धर्म ही शाश्वत है। हम जो व्यवहार दूसरों से हमारे लिए नहीं चाहते हैं वह व्यवहार हमे भी दूसरों के लिए नहीं करना चाहिए। अच्छे रूप में परिश्रम करने वाला भी तपस्वी होता है।

आज सर्व समाज केलवा जिसमें लगभग 44 समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। सर्व समाज केलवा द्वारा आचार्य महाश्रमण का नागरिक अभिनंदन किया गया। अभिनंदन पत्र का वचन दिनेश कोठारी द्वारा किया गया। आज के कार्यक्रम में आचार्य महाश्रमण के स्वागत में तेरापंथ सभा, महिला मंडल, युवक परिषद, कन्या मंडल, किशोर मंडल की संयुक्त प्रस्तुति की गई। ज्ञानशाला के बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। आचार्य महाश्रमण प्रवास संयोजक महेंद्र कोठारी,दिनेश कोठारी, तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष राजेश गांग, ज्ञानशाला संयोजिका सरिता कोठारी,राजेंद्र कोठारी ,उज्ज्वल कोठारी अपने भावों की प्रस्तुति दी। जागृत कोठारी, प्रकाश चंद्र सहलोत, लक्ष्य कोठारी ने गीत के माध्यम से अपने भावो की प्रस्तुति दी। अंत में उपस्थित जन समुदाय को मंगल पाठ का श्रवण करवाया गया।

विश्व एड्स दिवस पर रेड रिबन क्लब द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन



24 न्यूज अपडेट

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के रेड रिबन क्लब के द्वारा विश्व एड्स दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, वाद–विवाद प्रतियोगिता एवं एचआईवी/एड्स की रोकथाम पर परिचर्या का आयोजन किया गया। समन्वयक डॉ पी एस राजपूत ने बताया कि विभिन्न्य कार्यक्रमो के माध्यम से छात्रों ने एचआईवी/एड्स से जुड़ी भ्रांतियों और भेदभाव के खिलाफ खड़े होने का संदेश दिया। एचआईवी/एड्स केवल चिकित्सा से नहीं, बल्कि सही जानकारी, सहानुभूति और स्वीकार्यता से भी लड़ा जाता है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वाद-विवाद प्रतियोगिता रहा। जिसमे छात्रो ने खुलकर सामाजिक धाराओं, मिथकों और मानसिक बाधाओं को चुनौती दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बदलाव केवल नीतियों से नहीं, बल्कि हमारी सोच, समझ और व्यवहार से आता है। आज का दिन हमें यह याद दिलाता है कि एचआईवी/एड्स के खिलाफ जागरूकता सिर्फ जानकारी देने तक सीमित नहीं है बल्कि यह मानवता, करुणा और एक-दूसरे का साथ निभाने की ज़िम्मेदारी है। आइए मिलकर कलंक को मिटाएँ, संवाद बढ़ाएँ, और हर उस व्यक्ति के साथ खड़े रहें जो इस संघर्ष से गुजर रहा है। पोस्टर मेकिंग में भी छात्रों ने एचआईवी/एड्स की गंभीरता को प्रदर्शित कर मानवता की भावनायो को चित्रित किया । ऐसे आयोजनो का मुख्य उद्देश्य युवाओ में एचआईवी/एड्स व टीबी जैसी घातक बीमारियों के प्रति जागरूकता लाना है। प्रतियोगितायो में 150 से अधिक युवाओं ने भाग लिया तथा विजेता छात्रों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उदयपुर में ड्राइवर का काम कर रहा था महिला टीचर की हत्या का आरोपी एक्स बॉयफ्रेंड, 5 महीने बाद गिरफ्तार, आर्मी ट्रेनिंग लेकर पुलिस को देता रहा चकमा

24 न्यूज अपडेट



बांसवाड़ा। स्कूल जाने के लिए बस का इंतजार कर रही सरकारी टीचर लीला ताबियार (36) की दिनदहाड़े तलवार से हत्या करने वाला आरोपी महिपाल भगोरा (25) आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। हत्या के बाद पांच महीने तक फरार चल रहा महिपाल उदयपुर में एक ट्रक पर ड्राइवर के रूप में काम करते हुए पकड़ में आया। सूचना के आधार पर कलिंजरा थाना पुलिस और इंटेलिजेंस की संयुक्त कार्रवाई में उसे दबोचा गया। एसपी सुधीर जोशी के अनुसार 1 जुलाई को हुई इस सनसनीखेज वारदात के बाद आरोपी लगातार ठिकाने बदल रहा था। आर्मी की प्राइवेट एकेडमी से ट्रेनिंग लेने के कारण वह काफी चालाकी से पुलिस को गुमराह करता रहा। मंगलवार को उदयपुर से गिरफ्तार कर उसे बांसवाड़ा लाया गया।

कैसे हुई थी वारदात?

1 जुलाई की सुबह लगभग 10:30 बजे लीला बस स्टैंड के पास दुकान के बाहर बैठी थी। तभी आरोपी महिपाल अल्टो कार से वहां पहुंचा और अचानक तलवार लेकर लीला की ओर दौड़ा। उसने पेट में वार किया, जिससे लीला मौके पर गिर पड़ी। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात के तुरंत बाद आरोपी की कार एक पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसके बाद वह पैदल ही जंगलों में घुस गया और कई महीनों तक अलग-अलग जगह छिपकर रहा।

फरारी के दौरान ड्राइवर बन गया आरोपी

कलिंजरा थानाधिकारी विक्रम सिंह के अनुसार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीमें महीनों से संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थीं। महिपाल फरारी के दौरान ट्रक ड्राइवर बनकर उदयपुर में छिपा हुआ था। एक पुख्ता सूचना पर उसे आखिर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। SHO ने बताया कि आर्मी ट्रेनिंग की वजह से महिपाल बेहद शातिर तरीके से लोकेशन बदलता था और पुलिस से बच निकलता था। पहले भी किया था जानलेवा हमला लीला के परिवार ने बताया कि 23 अगस्त 2023 को भी आपसी विवाद के चलते महिपाल ने उस पर तलवार से हमला किया था। गंभीर स्थिति में तब लीला को गुजरात रेफर किया गया था। बाद में समझौता कर लीला ने महिपाल को छुड़वा दिया था। लीला की शादी करीब आठ साल पहले हुई थी, लेकिन तलाक के बाद उसका रिश्ता महिपाल से जुड़ा। 2023 में सरकारी नौकरी लगने के बाद दोनों के बीच विवाद बढ़ने लगा था। लीला ताबियार सज्जनगढ़ ब्लॉक के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल छाया महुडी में संस्कृत विषय पढ़ाती थीं। 36 वर्षीय लीला अपने घर वालों में काफी लोकप्रिय और जिम्मेदार मानी जाती थीं।

उदयपुर-मेवाड़ के शाहरुख़ खान का ISPL ऑक्शन में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. उदयपुर-मेवाड़ क्षेत्र के युवा क्रिकेटर शाहरुख़ खान ने बड़ा मुकाम हासिल करते हुए भारतीय स्ट्रीट प्रीमियर लीग (ISPL) 2026 के ऑक्शन में जगह बनाई है। मेवाड़ से चयनित वे एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिसने स्थानीय खेल जगत को गौरवान्वित किया है। दाएँ हाथ के बल्लेबाज़ और ऑफ-स्पिनर शाहरुख़ खान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। उदयपुर, दिल्ली और जम्मू में आयोजित चयन ट्रायल्स में उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें इस प्रतिष्ठित लीग तक पहुंचाया। ISPL 2026 ऑक्शन की मुख्य बातें ऑक्शन 9 दिसंबर को आयोजित हुआ। इस सीज़न में 8 प्रमुख फिल्मी हस्तियों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं— अमिताभ बच्चन, सलमान खान, अक्षय कुमार, सैफ़ अली खान, करीना कपूर, अजय देवगन, सूर्या और ह्रITHIK रोशन। कुल 126 खिलाड़ियों का चयन होना है। उदयपुर के जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने शाहरुख़ के चयन को जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि शाहरुख़ लगातार राजस्थान की टेनिस बॉल क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करते रहे हैं और यह उपलब्धि उनकी मेहनत व प्रतिभा का परिणाम है। टेनिस बॉल क्रिकेट से जुड़े पदाधिकारियों— इमरान अहमद लारी, शोएब खान, सलीम खान, मुंशी खान, निखिल डोरू, शमशेर सिंह, अनूप दवे, कल्पेंद्र झा, मजीद अमर, कैलाश मीणा, विवेक शर्मा, चंद्रपाल सिंह, मनोज चौधरी, मनोज भटनागर, महेंद्र शर्मा, अनीस इकबाल, यशवंत पालीवाल, गुलाम नबी, विक्रम गुर्जर, अभिमान मेसी, आशु खान, हरीश नाथ, शाहीन बानो, आज़ाद जंग सहित खेलगांव के प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों ने उन्हें बधाई दी। शाहरुख़ खान ने कहा, "मेवाड़ की धरती से इस बड़े मंच पर खेलना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं ISPL में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दूँगा और उदयपुर का नाम रोशन करने की पूरी कोशिश करूँगा।" शाहरुख़ के चयन ने क्षेत्र के युवा क्रिकेटरों में नई ऊर्जा भर दी है। अब सभी की नज़र उनके ISPL प्रदर्शन पर टिकी है।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।